पंजाब केसरी 03/04/2026

# विद्यार्थियों ने समानता और सहानुभूति का संदेश लेकर निकाली रैली

अम्बाला, 2 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने वीरवार को मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने एवं जाति आधारित भेदभाव की रोकथाम के उद्देश्य से समानता और सहानुभूति का संदेश देते हुए जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली कॉलेज के समान अवसर प्रकोष्ठ द्वारा राजनीति विज्ञान विभाग की कौटिल्य सब्जैक्ट सोसायटी के सहयोग से राष्ट्रीय टास्क फोर्स, मानसिक स्वास्थ्य क्लब तथा मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य जाति आधारित भेदभाव के छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा शैक्षणिक वातावरण में समावेशिता, समानता और पारस्परिक सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना था।

रैली का शुभारंभ कॉलेज ऑडिटोरियम के बाहर से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने पोस्टर एवं तख्तियों के माध्यम से समानता, सहानुभूति, सामाजिक न्याय और सद्भाव के संदेश प्रसारित किए, जिससे पूरे परिसर में जागरूकता का सशक्त वातावरण निर्मित हुआ।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल छात्रों में संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष राममूर्ति, सह-प्राध्यापक डॉ. सुमन, अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार, मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग तथा राजनीतिक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राकेश कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।



समानता और सहानुभूति का संदेश लेकर रैली निकालते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)